
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्वतिक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-162 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 24 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## 7 लाख करोड़ से छोटे जिलों तक निवेश पहुंचाने पर फोकस

### पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक बड़ा रोडमैप तैयार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने और निवेश को बड़े शहरों से आगे छोटे जिलों तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (GBC-5.0) की तैयारियों में जुट गई है। इस बार सरकार की रणनीति सिर्फ लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद या कानपुर जैसे बड़े औद्योगिक केंद्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे शहरों, पिछड़े जिलों, पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में भी निवेश की मजबूत बुनियाद तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास विभाग को 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास का लक्ष्य दिया है। इसी के तहत विभागवार और जिलावार लक्ष्य तय कर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है, ताकि निवेश का लाभ प्रदेश के हर हिस्से तक पहुंचे और विकास का दायरा संतुलित रूप से बढ़ सके। GBC-5.0 की सबसे अहम रणनीति छोटे जिलों और अपेक्षाकृत कम विकसित क्षेत्रों तक निवेश की रफ्तार बढ़ाना है। सरकार का मानना है कि यदि निवेश सिर्फ चुनिंदा औद्योगिक शहरों तक सीमित रहा तो क्षेत्रीय विकास असंतुलित रहेगा। इसलिए इस बार ऐसे जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां औद्योगिक आधार कमजोर है लेकिन संभावनाएं मजबूत हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने इसके लिए जिलावार लक्ष्य निर्धारित किए हैं, ताकि हर जिले में निवेश परियोजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार की योजना में पूर्वांचल और बुंदेलखंड को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने पर खास जोर है। लंबे समय से विकास की रफ्तार में पिछड़े माने जाने वाले इन क्षेत्रों में औद्योगिक परियोजनाएं लाकर रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों को मजबूत करने की तैयारी है। मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर और झांसी जैसे जिलों को बड़े निवेश लक्ष्य देकर सरकार यह संदेश देना चाहती है कि औद्योगिक विकास अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगा। जिलों के लिए तय निवेश लक्ष्यों में पूर्वांचल का मीरजापुर सबसे आगे है। यहां 26,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास का लक्ष्य रखा गया है। सोनभद्र के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य तय किया गया है। यह दर्शाता है कि सरकार पूर्वांचल में ऊर्जा, उद्योग और संसाधन आधारित विकास को गति देना चाहती है। हालांकि इस बार छोटे जिलों पर फोकस बढ़ाया गया है, लेकिन प्रमुख औद्योगिक और प्रशासनिक शहरों की भूमिका भी महत्वपूर्ण बनी हुई है। लखनऊ और गाजियाबाद के लिए 20-20 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लक्ष्य रखा गया है। झांसी को 16,000 करोड़ रुपये, कानपुर को 12,000 करोड़ रुपये और मेरठ, मुरादाबाद, सीतापुर व प्रयागराज को 10-10 हजार करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य दिए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार संतुलित क्षेत्रीय विकास की दिशा में काम कर रही है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) को GBC-5.0 में 35,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास का लक्ष्य दिया गया है। यह GBC-4.0 के मुकाबले लगभग चार गुना अधिक है। इससे गोरखपुर क्षेत्र को पूर्वांचल के बड़े औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की मंशा साफ दिखाई देती है। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी, बल्कि रोजगार सृजन और स्थानीय व्यापार को भी मजबूती मिलेगी। GBC-5.0 में सबसे ज्यादा प्राथमिकता सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर को दी गई है। इस क्षेत्र में 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास का लक्ष्य तय किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। सोलर सेक्टर में निवेश बढ़ने से रोजगार, ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरणीय संतुलन तीनों क्षेत्रों में लाभ मिलने की उम्मीद है।

## यूपी में मायावती का महाप्लान! 24 को बुलाई इमरजेंसी मीटिंग

### क्या 50 उम्मीदवारों के नाम से मचेगा हड़कंप?



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बड़ी हलचल शुरू हो गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को यूपी संगठन की एक बेहद अहम और बड़ी बैठक बुलाई है।

इस बैठक में प्रदेश स्तर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल होने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक के जरिए मायावती 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपनी अंतिम रणनीति तय करेंगी। यह हाई-प्रोफाइल बैठक लखनऊ के 12 मॉल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इस बैठक को लेकर जो सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है, वो यह है कि बसपा ने आगामी चुनाव के लिए 50 प्रत्याशियों के नाम शॉर्टलिस्ट यानी तय कर लिए हैं। सूत्रों का दावा है कि मायावती इस बैठक के दौरान ही इन नामों की घोषणा करके सबको चौंका सकती हैं। इस बैठक की एक और खास बात यह होगी कि इसमें मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे, जिससे कार्यकर्ताओं में एक नया जोश देखने को मिल सकता है। रविवार सुबह 11 बजे शुरू होने वाली इस समीक्षा बैठक का मुख्य एजेंडा 2027 का विधानसभा चुनाव ही है। मायावती इस दौरान पार्टी प्रत्याशियों के चयन, सोशल इंजीनियरिंग के नए फॉर्मूले और संगठन के विस्तार को लेकर गहन मंथन करेंगी। इसके साथ ही, पिछली बैठकों में जो दिशा-निर्देश दिए गए थे, उनकी ग्राउंड रिपोर्ट और प्रोग्रेस रिपोर्ट भी जिला अध्यक्षों से ली जाएगी। संगठन को आर्थिक और जमीनी रूप से कैसे मजबूत किया जाए, इस पर भी खुला विचार-विमर्श होगा। इस बड़ी बैठक के जरिए मायावती अपने विरोधियों को साफ संदेश देना चाहती हैं कि बसपा बैकफुट पर नहीं, बल्कि 2027 के महामुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को साफ निर्देश दिए जाएंगे कि वे जमीनी स्तर पर जाकर काम करें, बहुजन समाज को फिर से एकजुट करें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। अब देखना यह है कि इस बैठक के बाद यूपी की सियासत क्या नया मोड़ लेती है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का यूपी सरकार पर बड़ा चाबुक

### राजा भैया, बृजभूषण, सुशील सिंह, धनंजय सिंह, सुशील मूंछ समेत 50 से अधिक बाहुबलियों की मांगी 'क्राइम कुंडली'

( यंग भारत न्यूज )

**प्रयागराज।** प्रदेश में बाहुबलियों, माफियाओं और रसूखदारों के दम पर असलहे लहराने और वीआईपी सुरक्षा लेकर घूमने वालों के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेहद तल्ख और सख्त रुख अख्तियार किया है।

हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार के गृह विभाग को कड़ी फटकार लगाते हुए कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद धनंजय सिंह, सुशील सिंह, मुज़फ़्फ़रनगर के सुशील मूंछ समेत सूबे के 50 से अधिक कुख्यात माफियाओं, बाहुबलियों और अपराधियों की पूरी 'क्राइम कुंडली' तलब कर ली है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन सभी बाहुबलियों को जारी किए गए गन लाइसेंस (शस्त्र लाइसेंस) और उन्हें दी गई सरकारी सुरक्षा की गहनता से जांच की जाए। जस्टिस विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह विभाग के अफसरों को 26 मई तक पूरी विस्तृत जांच रिपोर्ट हलफनामे के साथ कोर्ट में पेश करने का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। दरअसल, संत कबीरनगर के निवासी जयशंकर उर्फ बैरिस्टर ने गन लाइसेंस जारी करने में नियमों की घोर अनदेखी और अपराधियों को असलहे बांटे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जब सरकार से रिपोर्ट मांगी, तो गृह विभाग द्वारा दाखिल हलफनामे के आंकड़ों को देखकर अदालत हैरान रह गई। गृह विभाग ने कोर्ट को बताया कि इस समय उत्तर प्रदेश में 10 लाख से अधिक शस्त्र लाइसेंस जारी हैं और अभी भी 23 हजार से ज्यादा आवेदन लंबित पड़े हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा ऐसे लोगों को धड़ल्ले से शस्त्र लाइसेंस दिए गए हैं, जिन पर दो या उससे अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, राज्य में करीब 21 हजार परिवार ऐसे हैं, जिनके पास एक से ज्यादा शस्त्र लाइसेंस हैं। हाईकोर्ट ने सख्त लहजे में आदेश दिया है कि 26 मई तक यूपी के सभी पुलिस कप्तानों और कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नरों को लिखित जिम्मेदारी (अंडरटेकिंग) देनी होगी। गृह विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी हलफनामे के साथ इन पुलिस अधिकारियों की अंडरटेकिंग कोर्ट में जमा करेंगे। इस अंडरटेकिंग में संबंधित जिले के पुलिस कप्तान को यह स्पष्ट रूप से लिखकर देना होगा कि उनके जिले से किसी भी बाहुबली या अपराधी की कोई जानकारी छिपाई नहीं गई है। यदि भविष्य में कोई भी तथ्य छिपाया हुआ पाया गया, तो इसके लिए संबंधित जिले का पुलिस कप्तान या कमिश्नर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा और कोर्ट उनके खिलाफ सीधे दंडात्मक कार्रवाई करेगा। जस्टिस विनोद दिवाकर की बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'पहली नजर में कोर्ट की राय यह है कि खुलेआम हथियार दिखाने से भले ही कुछ लोगों को अपने प्रभुत्व, शक्ति और सुरक्षा का एहसास होता हो, लेकिन इससे समाज में आपसी भाईचारा पूरी तरह बिगड़ता है। आम और शांतिप्रिय लोगों के मन में डर और असुरक्षा की भावना पैदा होती है।' बेंच ने आगे कहा कि कई बार लोग हथियार रखने को आत्मरक्षा के नाम पर सही ठहराते हैं, लेकिन जब हथियार डराने या धमकाने के लिए इस्तेमाल होने लगते हैं, तो वे सुरक्षा नहीं बल्कि खौफ बढ़ाते हैं। ऐसा समाज, जहां हथियारबंद लोग ताकत और धमकी के बल पर अपना दबदबा बनाते हैं, वह न तो शांतिपूर्ण हो सकता है और न ही सुरक्षित।



हाईकोर्ट के रडार पर आए यूपी के सभी जोन के प्रमुख बाहुबली और कुख्यात अपराधी (विस्तृत सूची):

हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से जिन प्रमुख बाहुबलियों और अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस व सुरक्षा की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, उनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:

प्रमुख बाहुबली राजनेता: रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, बृजभूषण शरण सिंह, धनंजय सिंह।

मेरठ जोन: उधम सिंह, सुशील मूंछ, संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा (मृत), योगेश भदौड़ा, बदन सिंह बद्दो, हाजी याकूब कुरैशी, सुनील राठी, शारिक, यशपाल तोमर, धर्मेंद्र, अमरपाल कालू, अनुज बरखा, विक्की त्यागी (मृत), हाजी इकबाल, विनोद शर्मा, विनय त्यागी उर्फ टिंकू त्यागी [मृत]।

नोएडा/गौतमबुद्ध नगर: अमित कसाना, अनिल भाटी, सुंदर सिंह भाटी, रणदीप भाटी, मनोज आमे, अनिल दुजाना (मृत), शिवराज सिंह भाटी।

आगरा व बरेली जोन: आगरा के अनिल चौधरी, ऋषि कुमार शर्मा और बरेली के एजाज।

लखनऊ जोन: अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही, खान मुबारक (मृत), संजय सिंह सिंघाला, अतुल वर्मा, मोहम्मद साहिब, सुधाकर सिंह, गुड्डू सिंह, अनूप सिंह, लल्लू यादव, बचू यादव, जुग्नू वालिया उर्फ हरविंदर।

वाराणसी जोन: त्रिभुवन सिंह उर्फ पवन सिंह, कुंटु सिंह उर्फ ध्रुव सिंह, विजय मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, रमेश सिंह काका, अभिषेक सिंह हनी उर्फ जहर, बृजेश कुमार सिंह, सुभाष सिंह ठाकुर, अब्बास अंसारी, पिंटू सिंह।

गोरखपुर जोन: राजन तिवारी, संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी, राकेश यादव, सुधीर सिंह, विनोद उपाध्याय (मृत), रिजवान जहीर, देवेंद्र सिंह।

कानपुर जोन: सउद अख्तर और अनुपम दूबे।

प्रयागराज जोन: प्रदीप सिंह उर्फ डब्बू सिंह, निहाल सिंह उर्फ बच्चा पासी, दिलीप मिश्रा, जावेद, राजेश यादव, गणेश यादव, कमरुल हसन और जाबिर हुसैन।

## विवादों का अड्डा बन कर चर्चाओं का बाजार गर्म कर रहे मेडिकल कॉलेज की प्रशासनिक दुर्गति है जड़ में

**पढ़े,,।**

- विवादों में फंस कर साख को गंवा रहे मेडिकल कॉलेज की अंदरूनी उठा पटक पर एक गहरी रिपोर्ट 'यंग भारत' की नजर में
- चिकित्सकों और अधिकारियों के बीच मेडिकल में है चढ़ा चढ़ी की जंग
- इसी की फलस्वरूप वर्षों से होते आ रहे हैं विवाद और घटनाएं
- नियम और कानून तथा कायदों से नही चल रहा उरई मेडिकल कॉलेज

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में तैनात सीएमएस डॉ. जीएस चौधरी की कार्यप्रणाली को लेकर मेडिकल कॉलेज के अंदर और बाहर सवाल उठने लगे हैं। मेडिकल सूत्रों के अनुसार डॉ. चौधरी पिछले लगभग चार वर्षों से मेडिकल कॉलेज में तैनात हैं, लेकिन उनका अधिकांश समय झांसी में बीतता है। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाओं और संचालन को लेकर लगातार असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

सूत्रों के मुताबिक सीएमएस का मुख्य कार्य अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं की निगरानी, स्टाफ के बीच समन्वय स्थापित करना तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना होता है, लेकिन मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक नियंत्रण कमजोर दिखाई दे रहा है। आरोप है कि सीएमएस ने अस्पताल संचालन का जिम्मा एक मेडिकल ऑफिसर (एमओ) को सौंप रखा है। कर्मचारियों और डॉक्टरों के बीच यह चर्चा है कि कई प्रशासनिक कार्य और फाइलें एमओ स्तर से संचालित होती हैं तथा उन्हीं के माध्यम से हस्ताक्षर कराए जाते हैं। मेडिकल कॉलेज में यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि आखिर अस्पताल में अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों के रहते हुए एमओ को ही सीएमएस का चार्ज क्यों दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि इससे वरिष्ठ और कनिष्ठ डॉक्टरों के बीच असंतोष की स्थिति बन रही है। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बंटवारे में पारदर्शिता न होने से अस्पताल का अनुशासन प्रभावित हो रहा है। मेडिकल सूत्रों का कहना है कि सीएमएस की नियमित मौजूदगी न होने से अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं। इमरजेंसी वार्ड हो या ओपीडी, कई बार कर्मचारियों और तीमारदारों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के बीच समन्वय की कमी के कारण मरीजों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हाल ही में वरिष्ठ नर्स रमा यादव का मामला भी चर्चा में रहा। उन पर कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार, छुट्टी न देने और मनमाने व्यवहार जैसे आरोप लगाए गए थे। कर्मचारियों का आरोप है कि राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के कारण ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती। छोटे कर्मचारियों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में कुछ लोगों को संरक्षण मिलने से उनका लगातार शोषण हो रहा है। अस्पताल के भीतर यह चर्चा भी तेज है कि सीएमएस डॉ. जीएस चौधरी बाल रोग विशेषज्ञ हैं और झांसी में निजी प्रैक्टिस से जुड़े होने की बातें भी सामने आती रहती हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं हाजिरी व्यवस्था को लेकर भी कर्मचारियों के बीच सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि सीएमएस की उपस्थिति को लेकर पारदर्शिता नहीं है और अनुपस्थिति के बावजूद उपस्थिति पूर्ण दर्शाए जाने जैसी चर्चाएं मेडिकल कॉलेज में आम हैं। मेडिकल कॉलेज में हाल ही में हुई घटनाओं के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली फिर सवालों के घेरे में आ गई है। कर्मचारियों और तीमारदारों का कहना है कि यदि अस्पताल प्रशासन सक्रिय रहता और मरीजों व स्टाफ के बीच समन्वय बेहतर होता तो कई विवाद और अव्यवस्थाएं रोकी जा सकती थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में शीर्ष अधिकारी की नियमित मौजूदगी बेहद आवश्यक होती है। प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में यदि प्रशासनिक जिम्मेदारियां केवल अधीनस्थ अधिकारियों के भरोसे छोड़ दी जाएं तो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है। कर्मचारियों के एक वर्ग ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में मरीजों और कर्मचारियों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हालांकि इन आरोपों के संबंध में सीएमएस डॉ. जीएस चौधरी का पक्ष नहीं मिल सका। यदि उनका पक्ष प्राप्त होता है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।



- सीनियर डॉक्टरों को दरकिनार कर एमओ को जिम्मेदारी देने से व्यापक स्तर पर है असंतोष
- ऐसी ही गैर कानूनी और नियम विरुद्ध कार गुजारियों के चलते मेडिकल में है कृतिम समस्याओं का जमावड़ा, व्यापक अनुशासन हीनता, सत्ताधारी नेताओं का जबरन दखल और खाऊ कमाऊ नीति को बढ़ावा देने की परिस्थितियां

- तगड़ी लॉबिंग और सत्ताधारी नेताओं के शिकंजे के चलते यहां है बदहाली का आलम
- सीएमएस के पद का प्रभार है एमओ प्रशांत निरंजन के पास जबकि वास्तव में यहां जो सीएमएस के पद पर तैनात सीनियर डॉक्टर जीएस चौधरी झाँसी में रहकर अपनी प्राइवेट प्रेक्टिस को चमकाने में लगे हैं
- चार साल से है यह तैनाती, झांसी से संचालन पर उठ रहे सवाल

# झुझारपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में रामलीला का हुआ मंचन

## सीताहरण लीला को देख भाव विहोर हुए भक्त, भंडारे में भक्तो ने छका प्रसाद





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** क्षेत्र के ग्राम झुझारपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ, 51 कुंडीय सतचंडी महायज्ञ एवं रामलीला महोत्सव में पांचवे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।देर रात शुरू हुई रामलीला में सीताहरण लीला का भव्य मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और रामभक्त मौजूद रहे। कलाकारों के जीवंत अभिनय और आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।रामलीला मंचन में धर्मेंद्र तोमर, गोविंद नारायण, अंजू ठाकुर, कमल और कमलेश सहित कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से धार्मिक प्रसंगों को सजीव कर दिया। मंचन के दौरान भगवान राम के आदर्शों और धर्म की विजय को दर्शाते दृश्यों पर श्रद्धालुओं ने जमकर तालियां बजाई।महायज्ञ परिसर में प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथावाचक पवन शास्त्री ददरुआ द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने अपने मुखारविंद से भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और धर्म के महत्व का विस्तार से वर्णन सुनाया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।भागवत कथा के परीक्षित विनोद पटेल बाबूजी रहे, जबकि 51 कुंडीय यज्ञ के मुख्य यजमान रामकुमार निरंजन उर्फ हल्के ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। भंडारे की व्यवस्थाओं में महेंद्र पटेल बेटू, शैलेन्द्र, अवधेश पटेल, पचीपुरी प्रधान प्रतिनिधि पंकज, रामलला, हर्ष, मनु, नरेंद्र, प्रमोद और एडवोकेट ओपी अग्रवाल सहित कई लोग सक्रिय रूप से जुटे रहे।इस अवसर पर श्री श्री 1008 महंत उद्धावदास जी महाराज, मिहोनी धाम माता मऊ सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एसपी ने ज़ीरो टॉलरेंस के तहत एक दरोगा और एक सिपाही को कर दिया निलंबित

## एसपी के कड़े रुख से कामचोर पुलिसियों में बढ़ा एसपी का ख़ौफ़

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** आटा थाना के दरोगा विश्वनाथ एवं सिपाही पंकज ग्राम सदारा में हुए एक विवाद को सुलझाने की जिम्मेदारी लेकर गॉव गए थे मगर अपनी लचर और लापरवाह कार्यशैली का परिचय देते हुए वे गाँव से बिना निपटारा कराए ही वापस आ गए। ये जानकारी मिलते ही जिले के चाक चौबंद एसपी विनय कुमार सिंह ने दोनों पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जीरो टॉलरेंस की इस कार्यवाही से कामचोर पुलिस जनों ने एसपी का ख़ौफ़ और ज्यादा बढ़ गया है।

# समाधान दिवस में इस बार 22 शिकायतें आयी, मात्र चार शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** कोतवाली परिसर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में इस बार 22 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही की अध्यक्षता व सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में इस बार 22 फरयादी पहुंचे। सभी फरियादियों की शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष राजस्व विभाग की 9 और पुलिस विभाग की 8 शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दिए। इस दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति भी थाना समाधान दिवस में पहुचां। चिमनदुबे निवासी दिव्यांग ने दो माह पूर्व पाइप लाइन लीकेज के दौरान उसका नल कनेक्शन हटने और शिकायत करने पर सुविधा शुल्क मांगे जाने का आरोप लगाया। एसडीएम ने कुर्सी से उतरकर दिव्यांग की शिकायत को सुना और उसकी समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने लेखपालों से कहा कि बिना किसी दबाव या भय के कार्य करें। सरकारी भूमि अथवा अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। यदि कोई नियमों का पालन नहीं करता है तो पहले उसे लिखित चेतावनी दें। अइसके बाद भी नहीं मानता है तो उसे खिलाफ विधिक कार्रवाई करें। यदि ऐसा नहीं होता है तो संबंधित लेखपाल जिम्मेदार होगा। कार्य में शिथिलिता या हीला हवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर कोतवाल हरिशंकर चंद, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक मौर्य, लेखपाल सुधा अग्रवाल आदि रहे।

# थाना समाधान दिवस में आयी 9 शिकायतो में 3 का हुआ निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता एवं क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह की उपस्थित में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।थाना समाधान दिवस में विभिन्न विभागो से संबंधित कुल 9 शिकायती पत्र आए लेकिन मौके पर 3 शिकायती पत्र का निस्तारण हो सका।समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आयी शिकायतो को गंभीरता से ले तथा समय से उनका निस्तारण करे।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि थाना समाधान दिवस सरकार की अति महात्वाकांछी योजनाओ में से है।इसका सभी को लाभ मिले।उन्होने अधीनस्थो को निर्देश दिए कि पुलिस से संबंधित जो भी प्रार्थनापत्र आए है उनका समय से निस्तारण करे।इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, लेखपाल अखिलेश कुमार, दिग्विजय सिंह सुयश पाठक,आशीष दीक्षित, आनंद राजपूत, अंजूदेवी,हेमलता,अंशुल शर्मा,दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

# 19 क्वार्टर सहित एक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहे 19 क्वार्टर सहित एक व्यक्ति को छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी ने पकड़ा। आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कोतवाली में तैनात एसआई निसार अहमद को सूचना मिली कि कोंच रोड पर एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम करहल निवासी संदिग्ध राजू कुमार को रोककर जब उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें से 19 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पूछतांछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# कोंच में फिर हुआ बड़ी मात्रा में गांजा बरामद

## -पुलिस लगातार कर रही है तस्कर गिरोह के हौंसले पस्त, दो गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** कोतवाली पुलिस को एक बडी सफलता हाथ लगी।पुलिस ने शनिवार दोपहर अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 3 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद किया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए उच्चाधिकारियो के निर्देश पर अभियान चलाया गया। इसी दौरान गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम अण्डा निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में निखिल वर्मा पुत्र स्व देवेन्द्र कुमार तथा बुद्ध सिंह रैकवार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार निखिल वर्मा के कब्जे से 1 किलो 800 ग्राम गांजा तथा बुद्ध सिंह रैकवार के पास से 1किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया।बरामद मादक पदार्थ को पुलिस ने विधिक प्रक्रिया के तहत सील कर कब्जे में लिया तथा नमूना मुहर तैयार की गई। इस संबंध में कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियो को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि अपराधियों एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# चोरी की बाईक व तमँचा सहित संदिग्ध गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुकबिर की सूचना पर सहाव से औरेखी पुल के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये युवक के पास से एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी बाइक, तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल व एसआई सुरेशचंद्र समेत सौरभ शाक्य, राहुल सिंह के साथ औरेखी पुल के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान शनिवार की सुबह करीब चार बजे बाइक ले जा रहे युवक गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जमरेही निवासी मंगली दुबे को रोककर जब उससे पूछतांछ की गई तो वह हड़बड़ा गया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। बाइक की कागजात के बारे में पूछने पर वह कागजात नहीं दिखा। बाइक की नंबर प्लेट की जब जांच की गई तो वह फर्जी निकली। जिसके बाद पुजिस युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जहां उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि एक युवक फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक के साथ पकड़ा गया है। उसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं। युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने दो ओवरलोड ट्रैक्टर, दो लोडर व एक बस को पकडा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** परिवहन अधिकारी ने शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग के दौरान एकआरटीओ ने दो ओवरलोड ट्रैक्टर, दो लोडर व एक बस को पकड़ लिया। पकड़ी गयी बस को जुर्माना लगाकर छोड़ दिया जबकि पकड़े गए ट्रैक्टर व लोडर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने शनिवार को उरई औरैया मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान उन्होंने दो ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली सीमेंट व इंटरलॉकिंग से भरी हुई पकड़ लीं। पकड़े गये ट्रैक्टर चालकों से ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन, बीमा, व्यापारिक प्रयोग की अनुमति जैसे आवश्यक कागजात मांगे तो चालक नहीं दिखा पाए। इसी दौरान दो लोडर भी पकड़े गए। लोडर चालक उसमें भरे सामान के आवश्यक कागजात नहीं दिखा सके। जिसके बाद पकड़े गए लोडर व ट्रॉली सहित ट्रैक्टर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिए गए। वहीं, चेकिंग के दौरान बस में सामान मिलने पर उसे जुर्माना लगाकर मौके पर ही छोड़ दिया गया।

# दुकान से बिजली मीटर चोरी पीड़िता के पति ने पुलिस से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** चोरो ने जयप्रकाश नगर से बिजली मीटर चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान से बिजली का मीटर ही चोरी कर लिया। पीड़िता के पति ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी ज्योति वैद्य पत्नी पुनीत कुमार का तहतील परिसर में व्यवसायिक विद्युत संयोजन संचालित है। इस संयोजन का खाता संख्या 6108666406 बताया गया है। प्रतिष्ठान पर विभाग द्वारा विधिवत बिजली मीटर लगाया गया था। आरोप है कि 22 मई 2026 की रात अज्ञात चोर बिजली मीटर चोरी कर ले गए।

शिकायतकर्ता ने बताया सुबह जब अपने प्रतिष्ठान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा मीटर गायब था। यह देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मीटर का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।पुनीत ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर किया जानलेवा हमला,सिर में चोट लगने से युवक घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह एक व्यक्ति पर कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने शनिवार सुबह पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार मुहल्ला आजाद नगर निवासी इरफान उल्ला पुत्र हबीब उल्ला ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि सुबह उनके पिता हबीब उल्ला घर के बाहर बैठे हुए थे।तभी मुहल्ले का रहने वाला रोशन पुत्र मुन्ना वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। आरोपी ने अचानक हबीब उल्ला के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।इस संबंध में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# श्रीकृष्ण ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की पेश की मिसाल -कथा व्यास

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सभी भक्त भागवत को अपने जीवन में उतारें ताकि लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। यह बात ग्राम हरीपुरा में घाटे वाले हनुमान के मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास ने कही।

नगर के मोहल्ला हरीपुरा में स्थित घाटे वाले हनुमान मंदिर में आयोजित भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास दिलीप कुमार दीक्षित ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। सुदामा चरित का वर्णन करते हुए कहा कि गरीब ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर ना चाहते हुए भी द्वारिका जाने को तैयार होते हैं। सुदामा को कृष्ण से मिलने से द्वारपाल रोकता है। लेकिन जब द्वारपाल श्रीकृष्ण को गरीब ब्राह्मण के द्वार पर खड़े होने की सूचना देता है तो वह व्याकुल होकर नंगे पैर ही उनसे मिलने के लिए द्वारा पर पहुंच जाते हैं और वहां से लाकर उन्हें सिंहासन पर बैठाते हैं। बिना मांगे ही उन्हें धन्य धान्य से परिपूर्ण कर दिया। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण ढंग से किया जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। इस मौके पर परीक्षित गजेंद्र सिंह, पप्पू बाथम, संतोष सैनी, निशा, मंगल, अमित, अजय सेंगर, पवन याज्ञिक, सुरेश कुमार, श्याम पेंटर, बाबू, गोविंद, उमेश, जीतू, नैन्सी, उमा, कुंती, मुन्नी, शोभा, उर्मिला, गीता, विनोद, सुरेन्द्र कुशवाहा, मनीष परिहार, कक्कू आदि रहे।

# जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई** ।नगर को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी है। नगर पालिका की टीम सड़क किनारे बनी नालियों के ऊपर और बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने में जुटी है। हालांकि कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाने में लोग आनाकानी कर रहे हैं, जिस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि जो लोग स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। नगर में लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। सड़कों और फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर सभासदों और नगरवासियों द्वारा पिछले वर्ष से लगातार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा रहे थे। डीएम राजेश पांडेय के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने नगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कराया। एसडीएम के नेतृत्व में ईओ सुशील कुमार, जेई प्रवीण कुमार और आरआई अनूप कुमार ने पहले बाजार में भ्रमण कर लोगों से नालियों के ऊपर से स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटा लेने की अपील की। इसके बाद भी जब दुकानदार नहीं माने तो जुर्माना वसूलने की कार्रवाई शुरू की गई। नगर पालिका की टीम अब तक लगभग एक लाख रुपये का जुर्माना अतिक्रमणकारियों से वसूल चुकी है। जिसके बाद से लोगों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिए हैं। अधिकांश जगहों पर नालियों से अतिक्रमण हट चुका है। फिर भी कुछ स्थानों पर अतिक्रमणकारी अपने अतिक्रमण हटाने में आनाकानी कर रहे हैं। कुछ लोग सुबह तो अपनी दुकानों के बाहर सामान रख लेते हैं लेकिन दोपहर में जब नगर पालिका की टीम आती है तो जुर्माना से बचने के लिए आगे रखे सामान को हटा लेते हैं।

# डीएम और एसपी ने अधीनस्थों को दिया कड़ा संदेश कि फरियादियों को अगर बार बार चक्कर लगाना पड़ेगा तो जिम्मेदारों के लिए ठीक नही होगा, गांव-गांव जाकर करें समाधान

## लेखपालों को चेतावनी, खतौनी व सरकारी भूमि का पूरा विवरण लेकर आएं, लापरवाही पर एसडीएम-तहसीलदार तक होगी कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली आटा सभागार में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।



समाधान दिवस में कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई, जबकि शेष 02 प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजे जाने के निर्देश दिए गए।इन शिकायतों में चकरोड पर मिट्टी डाले जाने तथा हैंडपंप से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आज ही मौके पर जाकर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित कराया जाए ।जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं लेखपालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रकरण के संबंध में खतौनी, सरकारी भूमि एवं अन्य आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से साथ लाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई लेखपाल आवश्यक अभिलेखों के बिना पाया गया तो संबंधित लेखपाल के साथ-साथ संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार की जवाबदेही भी तय की जाएगी ।उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पैमाइश, कुर्रा फांट, चकरोड एवं भूमि विवाद से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का 15 दिनों के भीतर अभियान चलाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भूमि विवाद की स्थिति हो वहां तत्काल चिन्हांकन कर राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समाधान कराया जाए, ताकि आमजन को बार-बार तहसील और थाने के चक्कर न लगाने पड़ें ।जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव में पैमाइश, चकरोड, कुर्रा फांट एवं हैंडपंप से संबंधित समस्याओं की ग्रामवार सूची तैयार की जाए तथा टीम बनाकर गांव-गांव पहुंचकर मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि लोगों को उनके दरवाजे पर ही न्याय मिले और शिकायतों का वास्तविक समाधान सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद में लगभग 88 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है, जबकि शेष 12 प्रतिशत किसानों को अभियान चलाकर 15 जून तक संतृप्त किया जाए। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रहे, क्योंकि भविष्य की अधिकांश किसान हितैषी योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार कालपी, प्रभारी निरीक्षक आटा, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा और बकरीद पर सुरक्षा, सौहार्द व व्यवस्थाओं का रहेगा विशेष फोकस

**डीएम-एसपी ने शान्ति समिति बैठक में दिए कड़े निर्देश, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** आगामी गंगा दशहरा एवं ईदुज्जुहा ( बकरीद ) पर्व को जनपद में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ विस्तृत चर्चा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और परंपराओं के सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि गंगा दशहरा के अवसर पर घाटों, मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं बकरीद के दृष्टिगत सफाई, पेयजल और बिजली सहित सभी चिन्हित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हों, इसके लिए सभी उक्त नामित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ।सभी विभाग इस हेतु नोडल अधिकारी, कर्मचारी की तैनाती समय पूर्व कर ली जाए । इसमें कोई भी लापरवाही किसी भी स्तर पर ना बरती जाए । पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने, भ्रामक पोस्ट करने अथवा माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त एवं ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, विद्युत, स्वास्थ्य, जल संस्थान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं धर्मगुरु शान्ति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बंजर जमीन पर अवैध कब्जा रोकने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम मुसमरिया के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गांव की बंजर भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को रुकवाने की मांग उठाई ।ग्रामीणों में रामजी, छोटेलाल, अरविंद, रवि सिंह, गुड्डू सिंह, राधेश्याम, भूरे प्रजापति, शिवचरण, रामस्वरूप, जसवंत सिंह, हीरा सिंह, बलवीर सिंह प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बताया कि ग्राम मुसमरिया थाना चुर्खी स्थित भूमि गाटा संख्या 2244, जो बंजर भूमि के रूप में दर्ज है, पर गांव के ही शत्रुघ्न व जयदेव पुत्रगण अजय पाल तथा अरविंद पुत्र शिवपाल द्वारा जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी लड़ाई-झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। मामले की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद 21 मई को लेखपाल व थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बंजर भूमि को कब्जामुक्त कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जिससे गांव की सार्वजनिक भूमि सुरक्षित रह सके

# खाद्य सामग्री का वितरण 25 मई से 10 जून के माध्य होगा-जिलापूर्ती अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्र 21 मई 2026 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह जून, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 25 मई 2026 से 10 जून 2026 के मध्य कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय अन्न योजना के राशन कार्डों पर प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेंहू, 16 किग्रा0 चावल, 05 किग्रा0 ज्वार (कुल 35 किग्रा0) का वितरण कराया जायेगा तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जनपद में पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारकों/लाभार्थियों को 02 किग्रा0 गेंहू, 01 किग्रा0 चावल, 01 किग्रा0 ज्वार व 01 किग्रा0 बाजरा (कुल 05 किग्रा0) खाद्यान्न प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित किया जायेगा। 'माह जून 2026 में मोटे अनाजों (ज्वार व बाजरा) का स्टॉक अवशेष समाप्त किया जाना है। किसी उचित दर दुकान पर एक मोटे अनाज की समाप्ति पर दूसरा मोटा अनाज वितरित किया जायेगा। मोटे अनाजों (ज्वार बाजरा) का स्टॉक समाप्त होने पर ही उसके स्थान पर यथानिर्देशित गेंहू चावल का वितरण किया जायेगा।' आवश्यक वस्तुओ के वितरण का कार्य प्रातः काल 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 10.06.2026 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। अन्त्योदय तथा पात्रगृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। उक्त आवश्यक वस्तुओं का वितरण नामित समस्त नोडल अधिकारियों की उपस्थित में किया जायेगा। अतः समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि उक्त अवधि में नियमित दुकान खोलकर कार्डधारकों को नियमानुसार खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करना सुनिश्चित करें तथा जनसामान्य के सूचनार्थ उपरोक्त सूचना दुकान पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें ताकि कार्डधारकों को विधिवत जानकारी हो।

# दिव्यांग ने लगाया घूस मांगने का आरोप, एसडीएम से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई( जालौन )।** नगर क्षेत्र के निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने जल संस्थान एवं नगर पालिका कर्मचारियों पर नल कनेक्शन पुनः चालू करने के नाम पर अवैध धन मांगने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।



प्रार्थी रिजवान शाह ने बताया कि लगभग पांच वर्ष पूर्व उन्हें उपजिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से निःशुल्क पानी का नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया था। करीब दो महीने पहले पानी की लाइन की लीकेज ठीक करने के दौरान उनका कनेक्शन हट गया था, जिसके बाद से अब तक कनेक्शन दोबारा चालू नहीं किया गया। पीड़ित का आरोप है कि कई बार जल संस्थान एवं नगर पालिका कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। दिव्यांग होने के कारण पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होने पर प्रार्थी एवं उसके परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जालौन एसडीएम रिंकू सिंह ने विकलांग को देखा तो कुर्सी छोड़कर विकलांग व्यक्ति के पास पहुंचकर बात सुनी मामले की निष्पक्ष जांच कराकर नल कनेक्शन शीघ्र चालू कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। व पढने के लिए कि आपका नाम स्कुल में लिखा दे तो पढ़ने को जायेगे तो विकलांग व्यक्ति ने कहा कि साहब मजबूरी बस पढ नहीं सका मेरा नाम लिख जाये तो पढ़ने जरूर जाऊंगा।

# कुठौंद थाने में समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित पाँच मामले आए

## शीघ्र निस्तारण के लिए लेखपालों की टीम बनाकर जांच के दिए आदेश

( यंग भारत न्यूज )


**कुठौंद( जालौन ):-** कुठौंद थाने में 23 मई दिन शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भदेख, बिलोहा हदरूख,पारेन,शंकरपुर आदि ग्राम पंचायत से राजस्व से संबंधित 5 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे एवं प्रभारी वीडियो सतीश चंद्र वर्मा ने सारी शिकायतों को संबंधित लेखपाल को जाँच कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए। थानाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद दुबे और प्रभारी वी.डी.ओ. सतीष चंद्र वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में यह समाधान दिवस आयोजित हुआ ।समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 5 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिनका बहुत जल्द ही समाधान कर दिया जाएग ।इनके अतिरिक्त भी कई शिकायतें आईं, जिन्हें थानाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद दुबे ने दोनों पक्षों को सुनकर तुरंत निस्तारित किया। शेष मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।



# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न, प्रतिभाओं का बढ़ाया उत्साह

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़**-क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राजा चित्तर सिंह जूदेव बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक राजा केशवेंद्र सिंह रहे। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करती है और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। समारोह में प्रतिष्ठित समाजसेवी रम्मू पचोरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी, अंजनी कुमार सोनी, अजीत सिंह जादौन, सौरभ, अंकित सेन, राकेश पत्रकार, अंकित दीक्षित, अजीत उपाध्याय, दीपक उदैनिया तथा हरेंद्र सिंह राजावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और बदलते शैक्षणिक परिवेश पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, ऐसे में विद्यार्थियों को एकाग्र होकर अध्ययन करना चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मोबाइल और अन्य व्यर्थ गतिविधियों से दूरी बनाकर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष मोनस ने किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह से छात्र-छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला तथा कार्यक्रम प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

# घरेलू विवाद के चलते ट्रक चालक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** आटा थाना कस्बा निवासी एक ट्रक चालक ने घरेलू तनाव से परेशान होकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



जानकारी के अनुसार कस्बा आटा निवासी 32 वर्षीय सतेंद्र ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी सुमन, मां शिवकुमार, पिता प्रकाश, दो बेटियां और एक बेटा हैं। बताया जा रहा है कि पिछले करीब एक सप्ताह से वह काम पर नहीं जा रहा था, जिससे वह काफी परेशान रहने लगा था और इसी बात को लेकर घर में पत्नी से कहासुनी भी होती रहती थी।

शुक्रवार देर रात सतेंद्र कस्बा आटा स्थित झांसी-कानपुर रेलवे ट्रैक पर एक निजी कॉलेज के पास पहुंचा, जहां उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी ।मृतक अपने पीछे पांच वर्षीय पुत्री जानवी, तीन वर्षीय बेटा गुज्जर और एक वर्षीय मासूम बेटी बिट्टो को छोड़ गया है। पिता की मौत के बाद बच्चों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और आसपास के क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 42 वर्षीय व्यक्ति ने घर मे फांसी लगाकर दी जान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई जालौन।** एट क्षेत्र के ग्राम हरदोई गुर्जर शुक्रवार की रात एक 42 वर्षीय व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरदोई गुर्जर निवासी शैलेश कुमार (42) पुत्र हरगोविंद अहिरवार शुक्रवार की रात अपने ही घर मे रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जब उनके घर वालों ने किशोर का शव कमरे में लगे पंखे से लटका देखा, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। उनके घर वालों ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कमरे में पंखे से लटकता देखा बताया जाता है कि मृतक अपने माता-पिता के इकलौता बेटा था ओर उसके दो बच्चे और एक बच्ची थी अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। मौके पर पहुंचे एट थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 08 स्लीपर बसों के विरुद्ध चालान की हुई कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ( प्रवर्तन ) प्रथम दल एवं विनय कुमार पाण्डेय यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा दिनाँक 23 मई 2026 को परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 03 स्लीपर बसों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गई।

साथ ही माह मई 2026 में परमिट शर्तों का उल्घंन करने वाली 08 स्लीपर बसों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी व 05 स्लीपर बसों को निरुद्ध किया गया, जिनसे प्रशमन शुल्क के रुप में रु0 0.76 लाख वसूल किया गया।



# कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक ने फरियादियों के लिए गुण एवं शीतल जल की व्यवस्था कर मिसाल की पेश,

( यंग भारत न्यूज )

**कुठौंद जालौन,** थाना कुठौंद में जालौन पुलिस अधीक्षक बिनय कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे ने थाना क्षेत्र के दूर दराज के इलाकों से आने वाले फरियादियों के लिए गुड़ एवं शीतल जल की व्यवस्था की है देखा गया कि थाना प्रभारी के द्वारा इस चिलचिलाती धूप में दूर दराज के गांव से आए हुए फरियादियों को सबसे पहले गुड़ और पानी पिलाकर शांतिपूर्वक उसकी फरियाद को सुनते हैं तत्काल उसका निस्तारण करते इस सराहनीय काम से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद द्विवेदी जब से थाने का कार्य भार संभाल तो उन्होंने गरीबो के प्रति अटूट श्रद्धा भाव देखा गया है उन्होंने इसकी कई मिसाइल पेश की है



# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन हुए तीनो लीग मैच हुए रोमांचक

## सदर विधायक, माधौगढ विधायक सहित पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने टॉस कराकर मैच का कराया शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर स्थित एमएसडी महाविद्यालय के ग्राउंड में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार की रात खेले गए तीनों लीग मैच रोमांच से भरपूर रहे। चौकों-छक्कों पर हजारों क्रिकेट प्रेमियों ने खूब तालियां बजाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।विधायक मूलचंद्र निरंजन के आयोजकत्व में माधौगढ विधानसभा प्रीमियर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ विधायक मूलचंद्र निरंजन व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी बतौर अतिथि उपस्थित रहे जिन्होंने मैदान पर टॉस कराकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरंभ कराया। सदर विधायक ने कहा कि फ्लड लाइट्स में उम्दा व्यवस्थाओं के बीच टूर्नामेंट आयोजित कराना निश्चित रूप से प्रशंसनीय कार्य है जिसके लिए विधायक मूलचंद्र बधाई के हकदार हैं। टूर्नामेंट आयोजन समिति के प्रमुख आशु निरंजन महतवानी के नेतृत्व में सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। वहीं, पहला मैच बजरंग क्रिकेट क्लब ताहरपुरा एवं तीतरा इलेवन टीम के मध्य खेला गया। कप्तान सागर प्रजापति की अगुवाई में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ताहरपुरा की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 3 विकेट गंवाकर 59 रन बनाए। जबाव में कप्तान पंकज यादव की तीतरा टीम 9 विकेट खोकर सिर्फ 39 रन ही बना सकी और टीम मैच हार गई। ताहरपुरा टीम के गेंदबाज समीर खान ने घातक गेंदबाजी कर 3 विकेट हासिल कर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। दूसरा मैच खकसीस इलेवन और इलेवन स्टार बरोदा टीम के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खकसीस की टीम ने 8 विकेट खोकर 48 रनों का लक्ष्य रखा। कप्तान पवन निरंजन के नेतृत्व में बरोदा की टीम ने 3 विकेट खोकर पांच ओवर दो गेंद खेलकर मैच जीत लिया। बरोदा टीम के आलराउंडर खिलाड़ी मनीष ने 12 रन बनाये और 3 विकेट लिए जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच बजरंग क्रिकेट क्लब ताहरपुरा और इलेवन स्टार बरोदा टीम के बीच हुआ। बरोदा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। ताहरपुरा की टीम ने 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। जबाव में बरोदा की टीम 3 विकेट खोकर 68 रन ही बना सकी, और सिर्फ 1 रन से टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। ताहरपुरा टीम के आलराउंडर खिलाड़ी रोहित ने 13 रन बनाए जबकि 1 विकेट हासिल किया। इन्हें मेन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीनों मैचों के मेन ऑफ द मैच चुने गए खिलाड़ियों को शील्ड और पांच-पांच सौ रुपए का नकद इनाम प्रदान किया गया। अंपायर की भूमिका सूरज त्रिपाठी एवं शिशिर कुमार ने निभाई। कमेंट्री प्रदीप मास्टर धनौरा, विकास पटेल की। स्कोरर की भूमिका अभिजीत चौहान, राज ठाकुर एवं सोमेंद्र चमरसेना ने निभाई। मैच की ऑनलाइन लाइव की व्यवस्था में मानस मिश्रा, विमल और अर्पित शामिल रहे। पिच से लेकर मैदान की अन्य सारी व्यवस्थाओं में आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन के दिशा निर्देशन में कमेटी के सदस्य आकाश निरंजन छानी, अंकित पटेल, आकाश, नेहरू, हिमांशु, पंकज, जीतू, राज आदि शामिल रहे।सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ फील्ड पर मौजूद रहे।इस मौके पर शिवप्रसाद निरंजन,प्रो वीरेंद्र सिंह निरंजन,नीमा संघ अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन, मयंक मोहन गुप्ता,कुलदीप निरंजन ठेकेदार,सभासद माधव यादव, विनोद सोनी,पिंकू निरंजन फुलैला आदि मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की मीटिंग में सभी त्योहारों को परंपरागत ढंग से सदभाव के साथ मनाने का आव्हान

## -एसडीएम, सीओ, पालिका ईओ, कोतवाल रहे मौजूद

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** आगामी दिनों में आयोजित वाले ईद उल अजहा (बकरीद) तथा गंगा दशहरा के पर्वो को लेकर क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में बिजली, पानी, सुरक्षा तथा साफ सफाई आदि मुद्दों पर चर्चा हुई।

पर्वो को दृष्टिगत रखते हुये कोतवाली के सभागार परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कालपी नगर में त्योहारों को सदभाव से मनाने की परम्परा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को मिलजुल मनाकर गौरवशाली परम्परा को कायम रखें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की समस्या होगी तो उसको प्राथमिकता से समाधान कराया जायेगा। सीओ ने कहा कि त्योहारों के दौरान कोई ऐसा कार्य न किया जाएं जिससे किसी अन्य को कोई परेशानी हो। बकरीद के पर्व पर कोई भी व्यक्ति खुले में जानवरों की कुर्बानी न करे जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को जमीन में दफन कर दें। तथा पालिका की गाड़ियों में अवशेष डाल दें।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी ने कहा कि कोई व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कहा कि नगर की शाही ईदगाह समेत व मस्जिदों के आसपास सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाएगी। कुर्बानी के पशुओं को उठाने के लिए 11 गाड़ियां भ्रमण करेंगी। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम अवनीश कुमार, एसएसआई उदय प्रताप सिंह,सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह चंदेल विशाल भड़ाना, सलीम अंसारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष नमल अग्रवाल, राकेश पुरवार, शिवबालक सिंह यादव, अरविंद सोनी, राकेश पुरवार, अजमत खान डॉ. सुरेश प्रजापति, भगवान दास खटिक, हाफिज दावत रजा,आबिद खान, पप्पू सभासद, मौलाना जियाउद्दीन बरकाती, दीपू यादव,श्रवण कुमार गुप्ता, दीपक शर्मा,नीलाभ शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

## नगर में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका परिषद कालपी के द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। प्रथम चरण में मुख्य बाजार कालपी में कर्मचारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी ?

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेन बाजार टरनंनगंज में दुकानदारों, रेहड़ी सब्जी वालों ने सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण फैलाया हुआ था। पालिका कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका के अवर अभियंता तथा कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। नगर पालिका के द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान में कुछ दुकानदारों ने अपने अवैध अतिक्रमण को अपने हाथों से ही हटा लिये। इसमें मुख्य रूप से नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला व नगर पालिका के कर्मचारी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के मुताबिक ने नगर में अतिक्रमण को हटाने के लिये आज पहला दिन है। इसी तरीके से यह कार्रवाई आगामी दिनों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नाली के बाहर तक जिसका जो भी अतिक्रमण फैला है उसको हटाया जायेगा।

# थाना समाधान दिवस में 7 मामले प्रस्तुत 4 का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें भूमि सम्बंधी 7 शिकायती पत्र प्रस्तुत किये गये जिसमें 4 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 3 प्रकरणों को निपटाने के लिये मौके पर राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीमों को भेजा गया है।

कोतवाली कालपी के सभागार में आयोजित थाना दिवस मे कालपी कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर मधु प्रभा त्रिपाठी ने शिकायती पत्र प्रस्तुत किया कि महाविद्यालय की तरीबुलदा स्थित गाटा संख्या 66 एवं 67 की भूमि पर अतिक्रमण हटाया जाए। इस पर एसडीएम ने सभी पक्षों को बुला कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिये। माता प्रसाद निवासी ग्राम मगरौल ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया है कि बिजली की लाइन के तार टूटकर गिरने से प्रार्थी के मकान में पिछले सप्ताह आग लग गई थी। जिसमें लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया था उन्होंने मुआवजा देने की मांग की है। सूबेदार निवासी ग्राम उसरगांव ने शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के चक रोड एवं भूमि की नाप कराई जाये। एसडीएम ने कहा कि राजस्व सम्बंधित मामलों को मौके पर पहुंच कर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह, लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेन्द्र निरंजन, समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# गॉव के हैंडपंपों को सुधारने की मजदूरी 4 वर्ष से नही दी प्रधान ने

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** विकास खंड कोंच के ग्राम घुसिया के रहने वाले सुरेंद्र पाल सिंह पिछले चार साल से गांव के बिगड़े हैंडपंप ठीक कर रहा है लेकिन मजदूरी के नाम पर उसे आज तक एक भी पैसा नहीं दिया गया। ऐसे में वह कैसे अपना परिवार पाले, यह गंभीर सवाल खड़े करने वाली बात है। उक्त मजदूर ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल से न्याय की मांग की है। सुरेंद्र का कहना है कि गांव में हैंडपंप निर्माण के नाम पर चार वर्ष पूर्व धनराशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन सरकारी हैंडपंपों को रिपेयरिंग करने के बाद भी आज तक उसे कोई भुगतान नहीं मिला। शिकायती पत्र में उसने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा गांव में हैंडपंप रिपेयरिंग का कार्य कराया गया था, लेकिन ग्राम प्रधान ने हैंडपंप निर्माण कार्य के एवज में मिलने वाली धनराशि का भुगतान अब तक नहीं किया। पीड़ित के अनुसार, हैंडपंप रिपेयरिंग में लगभग 60 से 70 हजार रुपये तक का खर्च आया था। उसने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे उसे आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भुगतान न मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर बकाया धनराशि दिलाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बहरहाल, एसडीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह के अंदर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

# मनचले दीवान जी बार बालाओं के अश्लील ठुमकों पर लुटा रहे थे नोट, वीडियो हुआ वायरल, बैठ गई जांच

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के चुरखी थाने में तैनात एक दीवान का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में दीवान अशोक सिंह बार-बालाओं के डांस कार्यक्रम में नोट उड़ाते और अशोभनीय हरकतें करते नजर आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो 12-13 मई के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम का है, जहां बार-बालाओं का नृत्य चल रहा था। इसी दौरान चुरखी थाने में तैनात दीवान अशोक सिंह मंच के पास पहुंचकर महिलाओं पर पैसे लुटाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वह अत्यधिक उत्साहित होकर अभद्र हरकतें करते भी नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद आमजन ने पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों का इस तरह सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होकर अशोभनीय गतिविधियों में दिखाई देना विभाग की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। सोशल मीडिया पर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को चुरखी थाने में तैनात दीवान अशोक सिंह बताया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने भी वीडियो का संज्ञान लिया है। कालपी क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार द्वारा मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भीषण गर्मी से बचाव हेतु बेतवा में नहाने गया था परासनी का रवि(14) डूबने से हुई मौत, गांव में पसरा मातम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** परसनी गांव निवासी 14 वर्षीय रवि की बेतवा नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि शनिवार दोपहर रवि अपने दोस्तों के साथ रोज की तरह गांव के बाहर बह रही बेतवा नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में फंसकर डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन नदी की गहराई और तेज बहाव के चलते वे सफल नहीं हो सके। घबराए बच्चों ने तुरंत गांव पहुंचकर परिजनों को सूचना दी।

घटना की खबर मिलते ही परिवार के लोग बदहवास हालत में नदी किनारे पहुंचे। सूचना पर आटा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद रवि को नदी से बाहर निकाला। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सीपीआर देकर उसकी सांसें लौटाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उसे तुरंत इलाज के लिए उरई भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रवि की मौत की खबर सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां नीतू का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता भगत गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों के अनुसार रवि बेहद चंचल और मिलनसार स्वभाव का था। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने और गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# ट्रैक्टर की जुताई की पैसे मांगने पर दबंग ने कर दी पति-पत्नी की पिटाई

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सधारा में ट्रैक्टर से जुताई करने के बाद जब जुताई पैसे मांगने पर पति-पत्नी की पिटाई करने पर पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस इस मामले की बिबेचना करने में जुट गई है।

उक्त प्रकरण को लेकर वादिनी जयकांति पत्नी बुद्ध सिंह निवासी ग्राम सधारा ने आटा थाना में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 22 5.2026 को समय करीब 8 बजे मेरा पति बुद्ध सिंह पुत्र मंसाराम गांव के ही मोहर सिंह पुत्र भारत सिंह के घर पर ट्रैक्टर की जुताई के पैसे मांगने गए थे। तभी आरोपी मोहर सिंह की पत्नी व लड़का आरोपी सत्यम ने घर के अंदर मेरे पति के साथ मारपीट करने लगे। जब प्रार्थीनी बचाने गई तो प्रार्थिनी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# शादी के बाद भी दहेज मांग रहे ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जयरामपुरा में नवविवाहित महिला के साथ मारपीट करने तथा अतिरिक्त दहेज मांगने के आरोप में ससुराली जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित वादिनी अंजलि विश्वकर्मा पुत्री पप्पू विश्वकर्मा निवासी कदौरा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थिनी की शादी दिनांक 11 दिसंबर 2025 को हिंदू रीति रिवाज से लालाराम विश्वकर्मा पुत्र गोवर्धन विश्वकर्मा के साथ हुई थी। जो कि ग्राम जयरामपुर थाना कालपी जिला जालौन के निवासी हैं। प्रार्थनी की शादी के कुछ समय बाद से ही आरोपीगण पति लालाराम विश्वकर्मा, ससुर गोवर्धन विश्वकर्मा, देवर मेहताब विश्वकर्मा, सास, नन्द आदि लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि दिनांक 18.05.2026 को प्रार्थनी को जान से मारने की कोशिश की। जिससे प्रार्थनी को गंभीर चोटें आई है।जिसका मेडिकल कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। इन सब से वादियां भयभीत है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# घर के अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा खुर्द में एक घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में 2 आरोपियों के खिलाफ थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी मुनेश पुत्र स्वर्गीय जगराम निवासी ग्राम गोरा खुर्द ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 22.05.2026 समय करीब शाम के 6 बजे करीब मेरी मां जय देवी , व मेरी भाभी वंदना पत्नी दिनेश घर पर थी तभी अचानक मेरे गांव के ही आरोपीगण बांके व मिथुन पुत्र बांके मेरे घर के अंदर घुस आए दोनों लोगों ने मेरी मां के सिर में डंडा मारा व भाभी के साथ मारपीट की व भाभी के पेट पर लात मार दी। जिससे दोनों लोगों को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# तमंचा और कारतूस सहित एक को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने तमंचे और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडे, सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने सिपाही अनिल कुमार एवं पवन सिंह के साथ मिलकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान संदिग्ध अवस्था में नजर आए विकास तिवारी पुत्र प्रह्लाद निवासी ग्राम अहेता थाना माधौगढ़ को पकड़ लिया। तलाशी में विकास के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। विकास के आपराधिक इतिहास को लेकर पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ पूर्व से एट थाने में धारा 393 और कोंच कोतवाली में 3/25 में मुकदमा दर्ज है।

# ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे होगी बकरीद की नमाज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** ईदगाह कमेटी की जानिब से नायब सदर हाजी मुहम्मद अहमद ने बताया है कि 28 मई वृहस्पतिवार को होने वाली ईद-उल-अजहा (बकरीद) क़ी नमाज ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी। उन्होंने मुस्लिम बंधुओं से अपील है कि वक्त से पहले ईदगाह पर पहुंचने की कोशिश करें।

# दो बच्चों की मां ने मुस्लिम प्रेमी संग मिलकर पति को जलाया

## चारपाई से बांधकर लगाई आग

**( यंग भारत न्यूज )**

**सिद्धार्थनगर।** यूपी के सिद्धार्थनगर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रेहरा में एक महिला ने गुरुवार रात दूसरे धर्म के कथित प्रेमी संग मिलकर घर में पति को चारपाई से बांधकर मिट्टी का तेल डालकर आग के हवाले कर दिया।



पिता और पड़ोसियों ने किसी तरह आग बुझाई। बेंवा सीएचसी से गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज, बस्ती रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किए। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर महिला और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। रेहरा गांव के रहने वाले घम्मल प्रसाद गौतम ने डुमरियागंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके बेटे लालजी गौतम की पत्नी पूजा गौतम का गोरखपुर के रहने वाले फिरोज से प्रेम संबंध था। वह घर आता-जाता रहता था। गुरुवार को भी फिरोज घर आया और रात करीब 10 बजे बहू पूजा के साथ मिलकर बेटे लालजी को चारपाई से बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी। उसके चिल्लाने पर घर के अंदर गए तो देखा कि वह जल रहा था। तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाई और उसे बेंवा सीएचसी ले गए। वहां से बस्ती के कैली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने हालत नाजुक बताई है। वहां से रेफर किए जाने पर आर्थिक तंगी के चलते परिजन उसे घर ले आए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा, थानाप्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने मौके पर पहुंचकर पिता और पड़ोसियों का बयान दर्ज किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। उधर, अलीगढ़ के रोरावर क्षेत्र के खेरेश्वर चौराहे के पास शुक्रवार सुबह एक प्रेमी जोड़े को कुछ लोगों ने पकड़ लिया। दोनों की चप्पलों से पिटाई कर दी, जिससे हंगामा हो गया। लोगों की भीड़ इकट्ठा होने पर परिजन दोनों को अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि दोनों घर छोड़कर आए थे। इसकी जानकारी होने पर युवक के परिजनों ने उनको पकड़ लिया। हालांकि घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। शुक्रवार सुबह खेरेश्वर चौराहे के समीप दुकान के बाहर एक युवक और महिला काफी देर से बैठे हुए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों कहीं जाने की फिराक में थे। इसी दौरान युवक के परिजनों को इसकी जानकारी मिल गई। करीब आठ बजे कई लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों को पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर काफी देर तक कहासुनी होती रही, जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने युवक और महिला की चप्पलों से पिटाई कर दी। चर्चा है कि महिला शादीशुदा है और काफी समय से युवक के संपर्क में थी। दोनों के साथ बैठने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे थे। घटना के दौरान चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की।

# कालाबाजारी पर उत्तर प्रदेश सरकार सख्त, मंत्री मनोज पांडेय ने दी राशन माफिया को जेल भेजने की चेतावनी

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश गवर्मेन्ट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य एवं रसद व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने के संकेत दिए हैं. प्रदेश के खाद्य एवं रसद विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने साफ कहा कि कालाबाजारी, घटतौली, जमाखोरी, अवैध वसूली और गरीबों के अधिकारों में बाधा डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा.



उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर जेल भी भेजा जाएगा. मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खाद्यान्न वितरण और उपभोक्ता हितों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि गरीबों के राशन में चोरी करने वाले, तौल में हेराफेरी करने वाले और गवर्मेन्ट योजनाओं को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों पर गवर्मेन्ट पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगी. उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही, भ्रष्टाचार, शिकायतों की अनदेखी या दोषियों को संरक्षण देने की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी. दोषी पाए जाने पर किसी को भी राहत नहीं मिलेगी. गवर्मेन्ट की प्राथमिकता पारदर्शी, ईमानदार और जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करना है, ताकि गरीब, किसान, मजदूर और पात्र लाभार्थियों को उनका अधिकार समय पर मिल सके. मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद्य एवं रसद व्यवस्था को मजबूत, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने दोहराया कि गरीबों का हक छीनने वालों के खिलाफ कानून पूरी ताकत से काम करेगा. बैठक में पेट्रोलियम पदार्थों और गैस आपूर्ति की भी समीक्षा की गई. मंत्री ने ऑयल एजेंसियों को निर्देश दिया कि तेल और गैस की खपत को ध्यान में रखते हुए सभी आउटलेट और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि बैकलॉग की स्थिति न बने और उपभोक्ताओं को समय पर पेट्रोल, डीजल और गैस उपलब्ध हो सके.

# पहले राज गुप्ता बनकर रचाई शादी, 2 दिन बाद कहा-ये तो मजाक था

### -फिर सामने आया डरावना सच, लव जिहाद की ये कहानी पढ़कर दंग रह जाएंगे आप, जानिए कहां का मामला

**( यंग भारत न्यूज )**

**बरेली:** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। मामला सीबीगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां पीड़िता ने एक युवक और उसके परिवार पर धोखाधड़ी, दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं।



पीड़िता शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2023 में वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करती थी, जहां उसकी मुलाकात एक युवक से हुई जिसने अपना नाम राज गुप्ता बताया और खुद को हिंदू बताया। युवती का आरोप है कि आरोपी ने हिंदू रीति-रिवाज अपनाकर उसका भरोसा जीता और इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। बाद में वह नौकरी छोड़कर बरेली लौट आई, लेकिन संपर्क बना रहा। आरोप है कि मार्च 2024 में युवक ने बरेली आकर शादी का झांसा देकर रामपुर हाईवे स्थित एक होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती गर्भवती हो गई, जिसके बाद आरोपी उसे गुरुग्राम ले गया और गर्भपात कराने का दबाव बनाया। विरोध करने पर कथित तौर पर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की गई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ लोग शामिल हुए और वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किए गए। पीड़िता का कहना है कि बाद में उसे पता चला कि युवक का असली नाम कय्यूम है। आरोप है कि फरवरी 2025 में बेटी के जन्म के बाद उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाया जाने लगा और विरोध करने पर उसे अलग कर दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी और उसके परिवार की ओर से उसे जान से मारने की धमकी दी गई, जिसमें 'टुकड़े-टुकड़े करने' जैसी धमकी शामिल है। इस मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा है कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीगंज पुलिस को जांच के आदेश दिए गए हैं।

# ऑपरेशन थिएटर के अंदर 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार, निजी अस्पताल सील

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से चिकित्सा जगत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है. इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के भीतर 12वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद हड़कंप मच गया है.



मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सख्त रुख अपनाते हुए तेजस अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील करने का आदेश दिया. स्वास्थ्य विभाग ने आरोपी डॉक्टर विजय कुमार गिरी का चिकित्सा लाइसेंस निलंबित कर दिया है और उसकी आयुर्वेदिक मेडिकल डिग्री को स्थायी रूप से रद्द करने की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है. इस बीच, प्रशासनिक जांच में यह भी सामने आया है कि उक्त निजी अस्पताल बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था. स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस प्रशासनिक कार्रवाई की पुष्टि की. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आरोपी को कानून के तहत सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी. डिप्टी सीएम पाठक ने कहा, बख्शी का तालाब स्थित अस्पताल में हुई यह घटना अत्यंत भयावह और निंदनीय है. यह पूरी चिकित्सा बिरादरी को कलंकित करती है. मामला संज्ञान में आते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तेजस अस्पताल को तुरंत सील करने का निर्देश दिया गया. आरोपी डॉक्टर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है और उसकी डिग्री जब्त करने की प्रक्रिया जारी है. उन्होंने पीड़ित परिवार को पूर्ण सरकारी सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि बेटियों की सुरक्षा से समझौता करने वालों के खिलाफ सरकार कठोरतम कदम उठाएगी. पुलिस में दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायत के अनुसार, 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा इलाज के सिलसिले में अस्पताल आई थी. उसे प्रक्रिया के नाम पर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के अंदर ले जाया गया, जहां आरोपी डॉक्टर विजय कुमार गिरी ने अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ यौन उत्पीड़न किया. घटना के बाद गहरे मानसिक सदमे में आई छात्रा ने हिम्मत दिखाकर अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद परिवार ने बख्शी का तालाब थाने में तहरीर दी. पुलिस ने पीड़िता के बयान और प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी डॉक्टर को जेल भेज दिया है. इस घटना के बाद जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तेजस अस्पताल के दस्तावेजों की जांच की, तो एक और बड़ा खुलासा हुआ. शुरुआती जांच में पता चला कि अस्पताल प्रबंधन बिना लाइसेंस के नवीनीकरण के ही इस स्वास्थ्य केंद्र को अवैध रूप से चला रहा था. अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल आरोपी डॉक्टर ही नहीं, बल्कि नियमों ताक पर रखकर अस्पताल का संचालन करने वाले प्रबंधन के खिलाफ भी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और चिकित्सा नियामक कानूनों के तहत सख्त कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है

# यूपी में वक्फ की 31 हजार से अधिक संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन रद्द क्यों?

**( यंग भारत न्यूज )**




**लखनऊ।** प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के रिकॉर्ड की जांच के दौरान बड़ी संख्या में अनियमितताएं सामने आने के बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की है. राज्य में 'उम्मीद' पोर्टल पर दर्ज 31 हजार से अधिक वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है. अधिकारियों के अनुसार, दस्तावेजों में तकनीकी त्रुटियां, रिकॉर्ड में असंगतियां और जमीन से जुड़े विवरणों में गड़बड़ियां पाए जाने के बाद यह फैसला लिया गया.

जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में कुल 1,18,302 वक्फ संपत्तियां दर्ज थीं, जिनमें से 31,328 संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन निरस्त किया गया है. इनमें 31,192 संपत्तियों पर किए गए वक्फ दावों को भी खारिज कर दिया गया. जांच के दौरान पाया गया कि कई संपत्तियों के खसरा नंबर वक्फ बोर्ड के आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रहे थे. इसके अलावा, कई मामलों में राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि के रकबे और वक्फ रिकॉर्ड में अंतर पाया गया. दस्तावेजों के सत्यापन और रिकॉर्ड मिलान की प्रक्रिया में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां उजागर हुईं. अधिकारियों का कहना है कि कई संपत्तियों के कागजात अधूरे थे, जबकि कुछ मामलों में जमीन के स्वामित्व और उपयोग से जुड़े विवरण स्पष्ट नहीं थे. इसी वजह से संदिग्ध और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को पोर्टल से हटाने का निर्णय लिया गया. वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, अधिकारिता, दक्षता और विकास' यानी 'उम्मीद' पोर्टल शुरू किया था. इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का मकसद देशभर की वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार करना और उनकी निगरानी को आसान बनाना है. उत्तर प्रदेश ने इस पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण में देशभर में अग्रणी स्थान हासिल किया है. राज्य सरकार के अनुसार, दिसंबर 2025 तक 92,832 वक्फ संपत्तियों की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी. यही वजह है कि उत्तर प्रदेश डिजिटल रजिस्ट्रेशन के मामले में अन्य राज्यों से आगे रहा. केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने 6 जून 2025 को सभी राज्यों को निर्देश जारी कर कहा था कि 5 दिसंबर 2025 तक सभी वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन पंजीकरण पूरा किया जाए. बाद में इस समयसीमा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, लेकिन उत्तर प्रदेश ने निर्धारित अवधि से पहले ही अपना काम पूरा कर लिया. अब रिकॉर्ड की शुद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए गलत और संदिग्ध प्रविष्टियों पर कार्रवाई की जा रही है.

# भारतीय इमाम ने यूके में 7 लड़कियों और महिलाओं को जिन्न के बहाने लुभाकर रेप किया, उम्रकैद की सजा

**( यंग भारत न्यूज )**



पूर्वी लंदन में एक भारतीय इमाम को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है. इमाम पर कई महिलाओं और 12 साल की उम्र की नाबालिग लड़कियों का बलात्कार करने का आरोप सिद्ध हुआ मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, इमाम जिन्न के दावों का इस्तेमाल करता था. न्यूनतम 20 साल की जेल काटने के बाद ही वह पैरोल के लिए योग्य होगा.

अब्दुल हलीम खान (54 वर्ष) ने 2005 से 2014 तक कुल 9 साल की अवधि में मुस्लिम समुदाय की 7 महिलाओं और लड़कियों का यौन शोषण किया. वह पूर्वी लंदन के ओल्ड फोर्ड रोड का इमाम था. खान ने अपने शिकारों को बताया कि उसप एक जिन्न साया है और इसी बहाने जबरन यौन संबंध बनाए. फरवरी में खान को 21 आरोपों में दोषी पाया गया था, जिनमें बलात्कार, यौन हमला और नाबालिगों के साथ यौन अपराध शामिल थे. ये सभी घटनाएं अलग-अलग फ्लैटों और छिपी जगहों पर हुईं. बीबीसी के अनुसार, खान ने एक युवा पीड़िता को बताया कि केवल वह ही उसके ओवेरियन कैंसर (अंडाशय के कैंसर) को ठीक कर सकता है. फिर वह उसे कार में लेकर एक सुनसान जगह पर ले गया और बलात्कार किया. स्नेयर्सब्रुक क्राउन कोर्ट में गुरुवार को न्यायाधीश लेस्ली कथबर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसमें न्यूनतम 20 साल जेल में रहना अनिवार्य है. न्यायाधीश ने कहा, 'सार्वजनिक रूप से पवित्र और सही दिखने वाले खान ने उन महिलाओं का भयंकर फायदा उठाया, जो उन पर भरोसा करती थीं, सिर्फ अपनी यौन इच्छा पूरी करने के लिए. न्यायाधीश ने कहा कि खान ने विशेष रूप से बांग्लादेशी मुस्लिम समुदाय की महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाया. उन्होंने सोचा कि पीड़ित शर्म और इमाम की धार्मिक सत्ता के डर से शिकायत नहीं करेंगी. कोर्ट ने कहा, 'आपने खुद को अछूत समझा. आपको पूरा भरोसा था कि अगर वे सामने आईं तो आप पर विश्वास किया जाएगा, न कि उन पर. एक पीड़िता ने अदालत में कहा, 'मेरे लिए खान इंसान नहीं, शैतान का रूप हैं.' एक 13 वर्षीय पीड़िता ने बताया, 'मैं वाकई मानती थी कि उनके पास अलौकिक शक्तियां हैं.' खान ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसके और उसके परिवार पर 'बहुत बुरा' कुछ होगा. इमाम खान महिलाओं और लड़कियों को अकेले में बुलाते थे. ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। वहां जाकर वे उन्हें बताते कि वे जिन्न से ग्रस्त हैं और उन्हें बुरी आत्माओं से मुक्ति दिलानी है. इसी बहाने वे उनका बलात्कार या यौन शोषण करते थे. उन्होंने पीड़िताओं को ब्लैक मैजिक से नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी, अगर उन्होंने किसी को बताया तो उनके या उनके परिवार को मौत या नुकसान हो सकता है. लीड प्रॉसीक्यूटर सारा मॉरिस केसी ने कहा कि खान ने पीड़िताओं को यह विश्वास दिलाया कि उन्हें बुरी आत्माओं से मुक्त कराने के लिए यह सब करना जरूरी है. पीड़िताओं ने कहा कि वे एक धार्मिक, नेक और भरोसेमंद व्यक्ति द्वारा झूठ और चालाकी का शिकार हुईं.

# यूपी पुलिस अब इन 29 मामलों में सीधे नहीं दर्ज करेगी एफआईआर, हाईकोर्ट के आदेश के बाद डीजीपी का बड़ा फैसला

**( यंग भारत न्यूज )**

**बरेली।** किसी भी मामले में मुकदमा लिखने को लेकर अब उत्तर प्रदेश पुलिस के हाथ बंध गए हैं। हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद अब प्रदेश की पुलिस पीसीपीएनडीटी एक्ट, बालश्रम अधिनियम, ट्रेड मार्क, डामेस्टिक वायलेंस जैसे 31 तरह के अधिनियम में सीधे मुकदमा नहीं लिख सकती। इसके लिए पुलिस के मुखिया ने भी आदेश जारी कर दिया है। क्योंकि, इन सभी अधिनियम में कोर्ट में परिवाद दायर करने का प्रविधान है।

हालांकि, इसमें दो अधिनियम (दहेज निषेध अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनिमय) ऐसे हैं जिनमें परिवाद का प्रविधान होने के बाद भी पुलिस सीधे तौर पर मुकदमा दर्ज कर सकती है। ऐसे में अब बचे हुए 29 तरह के अधिनियमों के तहत कोई मामला आता है तो पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा।

अधिनियम जिनमें यूपी पुलिस सीधे एफआईआर दर्ज नहीं कर सकती (कोर्ट जाना होगा)

क्र. सं. अधिनियम (एक्ट) का नाम लागू होने का वर्ष विशेष विवरण / अपवाद



1घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 सीधे कोर्ट में परिवाद दायर करना होगा।

2परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 चेक बाउंस जैसे मामले शामिल हैं।

3खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957

4गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 भ्रूण लिंग जांच से जुड़े मामले।

5उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

6पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 अपवाद: परिवाद का नियम होने के बावजूद पुलिस सीधे एफआईआर लिख सकती है।

7बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986

8वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981

9वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972

10पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986

11आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम 1947

12खाद्य मिलावट निवारण अधिनियम 1954

13राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013

14ट्रेडमार्क अधिनियम 1999

15मानव अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण अधिनियम –

16कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (POS II) अधिनियम 2013

17जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974

18केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995

19विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम 1999

20कीटनाशक अधिनियम 1968

21नोटरी अधिनियम 1952

22 बीमा अधिनियम 1938

23पुरातन और कला धरोहर अधिनियम 1972

24औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947

25खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006

26आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005

27राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम 2019

28उत्तर प्रदेश गन्ना (आपूर्ति एवं खरीद विनियमन) अधिनियम 1953

29अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा अधिनियम 2005

30दहेज निषेध अधिनियम 1961 अपवाद: पुलिस सीधे एफआईआर दर्ज कर सकती है। (धारा 7(1)(ख) के तहत पीड़ित, माता-पिता, रिश्तेदार या मान्यता प्राप्त संस्था शिकायत कर सकती है)।

31वजन और माप के मानक अधिनियम 1976 पिछले दिनों हाई कोर्ट ने अनुराधा तिवारी केस की सुनवाई के दौरान कहा था कि, विवाह संबंधी अपराधों, मानहानि जैसे अपराधों में परिवाद के आधार पर ही संज्ञान लेने की व्यवस्था है।

# शोभायात्रा भ्रमण के साथ श्रीकुंज बिहारी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** सिविल लाइन, ग्वालियर रोड स्थित श्री कुंज बिहारी मंदिर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा नगर भ्रमण के साथ शनिवार 23 मई से शुभारंभ हो गया। कथा व्यास बुंदेलखण्ड धर्माचार्य पूज्य महंत श्री राधामोहन दास महाराज ने रसिक श्रद्धालुओं को प्रथम दिवस श्रीमद भागवत कथा के महातम्य का रसास्वादन कराया।

इससे पूर्व बुंदेलखण्ड धर्माचार्य महंत राधामोहन दास के पावन सानिध्य में पचकुंइया मंदिर से कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा पचकुंइया मंदिर से प्रारंभ होकर खण्डेराव गेट, आशिक चौराहा, आंतिया तालाब से बीकेडी चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल कुंजबिहारी मंदिर पर पहुंची जहां सभी श्रद्धालुओं को भण्डारे का प्रसाद परोस कर खिलाया गया। शोभायात्रा भ्रमण के दौरान स्थान स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पीत वस्त्र धारण कर महिलायें सिर पर कलश लेकर एवं मुख्य यजमान श्रीमती ममता अजय अग्रवाल सिर पर भागवत ग्रंथ धारण कर आगे आगे चल रहे थे। डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर थिरकते युवा हाथ में धर्मध्वजा लहराते हुए चल रहे थे, बग्गी पर सवार एवं भगवान के स्वरुप शोभायमान हो रहे थे। इस मौके पर पूर्व पार्षद सुजीत तिवारी,कृष्णा अग्रवाल,विजय अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, श्रीराम साहू, कुंजबिहारी मंदिर के पुजारी बालकदासजी, गिरवरधारी मंदिर के पुजारी मदनमोहन दास मौजूद रहे।

सायंकालीन बेला में प्रथम दिवस का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास महंत राधामोहन महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कल्पवृक्ष का पका हुआ फल है।श्रीमद भागवत को भगवान श्री कृष्ण का वांगमय स्वरुप बताते हुए उन्होंने कहा कि संत और भगवंत की कृपा होने से ही इस प्रकार के दुर्लभ अवसर हम सभी जीवों को प्राप्त होते हैं।मानव तन को दुर्लभ बताते हुए उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरित मानस में लिखते हैं बड़े भाग्य मानुष तन पावा,सुर दुर्लभ सब ग्रंथन गावा। अर्थात मानव तन पाने के लिए देवता भी तरसते हैं, लेकिन जिस पर संत और भगवंत की कृपा होती है उसे सभी अवसर शुलभ हो जाते हैं। प्रारंभ में आचार्य रामलखन उपाध्याय ने श्री गणेश पूजन,ग्रंथ पूजन एवं व्यास पीठ का पूजन कराया। परीक्षित श्रीमती ममता अजय अग्रवाल, श्रीमती पूनम रविंद्र मोहन अग्रवाल,श्रीमती गायत्री किशन लाल अग्रवाल, श्रीमती नीतू राकेश अग्रवाल, श्रीमती दीर्घा विजय अग्रवाल,पीहू, आदित्य, राघव,राधिका, समृद्धि, माधव आदि ने श्रीमद भागवत पुराण की आरती उतारी। अंत में व्यवस्थापक पवनदास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पत्रकार नईम का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, डॉ. संदीप व साथियों ने दी शुभकामनायें

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** पत्रकारिता जगत से जुड़े सक्रिय एवं लोकप्रिय युवा पत्रकार साथी नईम खान का जन्मदिवस शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क में हुआ, जहां नईम खान ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महान पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार साथियों एवं शुभचिंतकों ने उनके दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके उपरांत सभी साथियों ने केक काटकर जन्मदिवस का उत्सव मनाया तथा नईम खान को पुष्पमालाएं एवं शुभकामनाएं अर्पित कीं। तत्पश्चात संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी के सानिध्य में पुनः केक काटकर जन्मदिवस समारोह मनाया गया। डॉ. सरावगी ने नईम खान के सरल व्यक्तित्व, सामाजिक सक्रियता एवं पत्रकारिता के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नईम खान के स्वस्थ, सफल एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर झाँसी मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश वर्मा, राजेश चौरसिया, अतुल वर्मा, दीपक चौहान, अरविंद भार्गव, संजू गोस्वामी, गौरव साहू, गोलू अग्रवाल, मनीष अली, मोहम्मद सैफ, राहुल कोस्टा, दुर्गा शंकर दीक्षित, वसीम, नदीम भाई, रमेश बंसल ठेकेदार, जुबैर अली, गुलाम गोश खान, मेहंदी हसन ताज, देव, पारस शर्मा, राहुल उपाध्याय, पुनीत परिहार, प्रदीप कुमार, प्रीतम सिंह प्रेमी, मुन्ना मास्टर, शुभांशु वर्मा, राजू सेन, अनुज प्रताप सिंह, सुशांत गुप्ता, संदीप नामदेव, राकेश अहिरवार, रिया वर्मा, अंजली विश्वकर्मा, धर्मेंद्र खटीक चाचा आदि उपस्थित रहे।

# वॉइस आफ बुंदेलखंड का शानदार आगाज, चुने हुए प्रतिभागियों का सेमीफाइनल

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** सामाजिक संस्था प्रयास सभी के लिए के द्वारा आयोजित झांसी आइडल वॉयस ऑफ बुंदेलखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ आज ऑडिशन राउंड के साथ संस्था अध्यक्ष के डी गुप्ता की अध्यक्षता एवं संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के सामने सानिध्य में हुआ, कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्री जमुना प्रसाद कुशवाहा, समाजसेवी भाव प्रकाश गुप्ता, निर्णायक मंडल एवं संस्था के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता के आज ऑडिशन राउंड में लगभग 95 प्रतिभागियों ने अपना ऑडिशन दिया जिन्हें निर्णायक मंडल के निर्णायक गण रवि शंकर चटर्जी, मौसमी रॉय, अरविन्द अरोरा, किशन सोनी एवं ज्योति सिंह ने उनकी सुर , लय, ताल आदि को बड़ी बारीकी से जांचा परखा और उनसे एक अंतरा और एक मुखड़ा सुनने के बाद अपने निर्णय दिए , और 30 प्रतिभागियों को सेमी फाइनल राउंड के लिए चुना । यह सेमीफाइनल आज 24 मई को दोपहर 12 बजे से राजकीय संग्रहालय में होगा, जिसमें से ग्रैंड फिनाले हेतु 10 प्रतियोगी चुने जाएंगे , जिनका आयोजन दीनदयाल सभागार में मंगलवार 26 मई को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ होगा और बॉयस ऑफ बुंदेलखंड चुना जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यक्रम संयोजक वैदेही शरण सरावगी और संरक्षक रामकुमार लोहिया ने किया जबकि आभार ज्ञापन महामंत्री नवीन श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष दिनेश चौरसिया ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सुनील खरे, निवर्तमान अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, डॉ निधि अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक पवन नैयर, राकेश मेहरोत्रा, अविनाश दीक्षित, अशोक अग्रवाल पीएनबी, सुनील गुप्ता बब्बल, एंजी अरुण खरे, डी एस अग्रवाल, लखन पटवारी, बृजेश बड़ोनिया, सुभाष पुरवार, राजीव अग्रवाल राजू विसो, सतीश साहनी, एड दिनेश वर्मा, एड विजय कुमार खरे, सी बी राय तरुण, उमा शंकर राय, राकेश झा एड, बद्री प्रसाद नायक, पी के भटनागर, देवेश मिश्रा, मुन्ना लाल मिश्रा, विनोद अग्रवाल यूको, राम कुमार अग्रवाल यूको, प्रमोद चउदा, महेश चन्द मिश्रा, राजेश गुप्ता, आर पी मोदी, केदारनाथ पहारिया, नीलकमल श्रीवास्तव, अशोक पासी, अंबिका श्रीवास्तव, अशोक ओमहरे, राधे गोविन्द गुप्ता बीयू, अनिल श्रीवास्तव एड, संजय खरे एड, विनय व्यास , संजय बाजपेई एलआईसी, मधु पासी, राधा पहारिया, महेंद्र दीवान, राजेश गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड लिंक एक्सप्रेस-वे बबीना विधायक ने उठाई किसानों के हक में आवाज

## सीएम को लिखा पत्र, मोंठ और टहरौली क्षेत्र के प्रभावित गांवों का सर्किल रेट बढ़ाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बबीना विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजीव सिंह पारीछा ने बुंदेलखंड लिंक एक्सप्रेस–वे परियोजना से प्रभावित किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक महत्वपूर्ण पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मोंठ एवं टहरौली तहसील के अंतर्गत आने वाले प्रभावित गांवों की भूमि का सर्किल रेट यथाशीघ्र बढ़ाने की पुरजोर मांग की है।विधायक राजीव सिंह पारीछा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 'बुंदेलखंड डिफेंस कॉरिडोर' और 'बीडा' (BIDA) की स्थापना से औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को एक नई दिशा मिली है, जिससे क्षेत्रवासियों का सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

कम मुआवजे से किसान चिंतित, भरण–पोषण का संकट – विधायक ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री का ध्यान किसानों की व्यावहारिक समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि डिफेंस कॉरिडोर और बीडा की स्थापना के कारण आसपास की कृषि भूमि के दाम बाजार में काफी महंगे हो चुके हैं। इसके विपरीत, बुंदेलखंड लिंक एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही किसानों की भूमि का वर्तमान सर्किल रेट और मिलने वाला मुआवजा बेहद कम है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इतने कम मुआवजे में प्रभावित किसान अपने परिवार के भरण–पोषण के लिए दूसरी जगह पर्याप्त कृषि भूमि भी नहीं खरीद पा रहे हैं। अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी करने का अनुरोध – बबीना विधायक ने जनहित और किसान हित को सर्वोपरि बताते हुए मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया है कि प्रभावित ग्रामों की भूमि का सर्किल रेट तत्काल प्रभाव से बढ़ाने के लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक एवं कड़े दिशा–निर्देश जारी किए जाएं, ताकि किसानों को उनकी जमीन का उचित और न्यायसंगत दाम मिल सके।

# भागवत है देव दुर्लभ कथा- पंरमाकांत व्यास

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** सिद्ध स्थान चका डोरी धाम पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। संगीत मय कथा सुनाते हुए भागवत कथा के विख्यात वक्ता भागवत भूषण पंडित रमाकांत व्यास ने कहा कि पूर्व जन्मों के पुण्यों के प्रभाव से ही सत्संग प्राप्त होता है।उन्होंने कहा यह देव दुर्लभ कथा है जिसको सुनने के लिए देवता भी तरसते हैं।सत्संग की महिमा सुनाते हुए उन्होंने कहा सत्संग केवल पृथ्वी लोक पर मनुष्यों को ही प्राप्त होता है। देवताओं को भी कथा सुननी होती है तो उन्हें भी बेष बादल कर इस धरा धाम पर आना पड़ता है, तब उन्हें सत्संग सुनने का अवसर प्राप्त होता है । भागवत कथा का पूजन चका डोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज ने किया। भागवत का मूल पाठ आचार्य दुर्गेश द्विवेदी ने किया। ऑर्गन पर अनुज गोस्वामी, हारमोनियम पर आशीष तिवारी,तबला पर मनोज भण्डारया ने संगत की।

# भस्नेह में विष्णु महायज्ञ एवं भागवत कथा का भव्यता से हुआ शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम भस्नेह के माधौपुरा स्थित शिवालय सरकार पर विष्णु महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्यता के साथ शुभारंभ हुआ। यज्ञाचार्य पं गणेश दत्त शास्त्री के संयोजन में वैदिक पंडित देवेंद्र शास्त्री,हृदेश कटारे,सुदीप पटेरिया,आनंद स्वरूप दुवे एवं सतीश मिश्रा के द्वारा विधि विधान से यज्ञ का शुभारंभ हुआ।यज्ञ का पूजन मुख्य यजमान राजू सिंह परमार एवं सहयोगी यजमानों द्वारा किया गया।

यज्ञ में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय कथा वाचक पं ब्रजेश त्रिपाठी शास्त्री ने कहा कि भागवत भगवान के मुख से निकला हुआ ग्रंथ है।धरती को पवित्र करने के लिए भगवान के श्री अंग से दो गंगा प्रवाहित हुई,जिसमें भागीरथी गंगा भगवान के चरणों से एवं भागवती गंगा भगवान के मुखारविंद से निकली हुई है। भागवत कथा में ऑर्गन पर बीरेन्द्र सिंह,तबले पर धर्मेंद्र कौशिक,पैड पर नीलू एवं आनंद ने संगत की।भागवत का मूल पाठ आचार्य हरेंद्र गौतम ने किया। भागवत की आरती परीक्षित श्रीमती रेखा अखिलेश कनकने ने की।

# भगवान के महारास लीला का वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम गुढ़ा में स्थित बड़ी माता मंदिर पर नव कुंडीय महायज्ञ के छठवें दिवस पर भगवान के महारास लीला का वर्णन किया गया।

कथा सुनाते हुए भागवताचार्य आस्था व्यास ने कहा कि भगवान की दिव्य रास लीला में बड़े बड़े ज्ञानी मोहित हो जाते है।भगवान रस स्वरूप है,और उस रस स्वरूप परमात्मा का रसास्वादन ही महारास है।सभी गोपियाँ दिव्य स्वरुप वाले महात्मा एवं वेदों की ऋचाएं है,जो परमात्मा को प्राप्त करने के लिए महारास लीला में अवतरित हुए। यज्ञाचार्य पं महेश चंद्र रिछारिया द्वारा यज्ञ कराया जा रहा है।आरती पारीक्षत श्रीमती मिथलेश राकेश तिवारी ने उतारी।रात्रि में आदर्श रामलीला मण्डल द्वारा केवट संवाद लीला का मंचन किया गया। कथा में पूर्व विधायक ब्रजेन्द्र कुमार व्यास डमडम महाराज, ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार,शुभम पचौरी उपस्थित रहे।

# पहुज नदी, सुखनई नदी, बड़वार झील एवं टहरौली तालाब की क्षमता वृद्धि एवं जल संचयन के लिए प्रस्ताव तैयार, बनेगी डीपीआर : जिलाधिकारी

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास झांसी की शासी परिषद एवं प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास झांसी की शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक में बताया कि इस निधि का इस्तेमाल ऐसे ग्रामों में जो खनन क्षेत्र से प्रभावित हैं जनहित के कार्यों के अतिरिक्त बच्चों की शिक्षा को बढ़ाने के लिए प्रमुखता से किए जाते हैं।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि शत प्रतिशत कार्य प्राथमिकता के क्षेत्र में कराए जा सकते है, ऐसे प्रस्तावों को प्रेषित करें जिनका अधिक से अधिक ग्राम वासियों को लंबे समय तक लाभ प्राप्त हो और जनोपयोगी सिद्ध हो। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अंतर्गत कराए जाने वाले (70%) कार्य जिसमें पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण वयोवृद्ध एवं निशक्तजनों का कल्याण, कौशल विकास एवं स्वच्छता कार्यक्रम को लिए जा सकता हैं। इसके अतिरिक्त, अन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अंतर्गत कराए जाने वाले (30%) कार्य जिसमें भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली आदि शामिल हैं। इन कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त होने पर कराए जा सकते हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम गत वर्ष के निमार्णाधीन कार्य तहसील सदर स्थित ग्राम फुटेरा बरुआसागर में खेल का मैदान मिनी इंडोर हाल का निर्माण कार्य हेतु कुल लागत ? 2.09 करोड़ है, जिसमें से 63 लाख कार्यदायी संस्था यूपीसीडको को अवमुक्त कर दिए गए हैं।

# सीए विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के लिए 'आगाज़ - कल्चरल फेस्ट 2026' का भव्य आयोजन सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की झांसी शाखा की सिकासा इकाई द्वारा सीए विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'आगाज़ – कल्चरल फेस्ट 2026' का भव्य आयोजन 23 मई 2026 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकासा चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने की।

इस सांस्कृतिक उत्सव में बड़ी संख्या में सीए विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, वाद्य संगीत, नाटक, कविता/शायरी एवं डूडलिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में सीए शिवी तिवारी, सीए सुशांत अग्रवाल एवं सीए नवनी अग्रवाल उपस्थित रहे। सिकासा वाइस चेयरपर्सन पालोमी जैन ने सभी निर्णायकों का स्वागत किया। झांसी शाखा के चेयरमैन सीए जयंत मणि जैन ने विद्यार्थियों के लिए किए गए इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां सीए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पढ़ाई और आर्टिकलशिप के कारण विद्यार्थी अक्सर अत्यधिक तनावपूर्ण जीवन जीते हैं, ऐसे में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम उन्हें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सिकासा चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और प्रोफेशनल युग में केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रस्तुतीकरण क्षमता, टीम भावना और रचनात्मक सोच का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'आगाज़' इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा, जहां विद्यार्थियों ने अपनी पढ़ाई और प्रोफेशनल ट्रेनिंग के साथ–साथ अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को भी मंच पर प्रस्तुत किया। सिकासा सचिव नव्या अग्रवाल ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झांसी शाखा के इतिहास में पहली बार विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार का सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों नितेश, श्रुति, अरबाज़, मुस्कान, शिवांगी, रुपाली, वर्षा, शिक्षा, वंशिका, माही, तनिष्क, पारस, सत्य, अर्पित, प्रथम सहित अनेक प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने खूब सराहा।

प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता इस प्रकार रहे—

नृत्य प्रतियोगिता: विजेता – श्रुति गुरनानी, उपविजेता – भव्या महूने

गायन प्रतियोगिता: विजेता – उत्कर्ष अग्रवाल, उपविजेता – नेहा सक्सेना

कविता/शायरी प्रतियोगिता: विजेता – उत्कर्ष बाजपेयी, उपविजेता – मुस्कान और शारिफ़

डूडलिंग प्रतियोगिता: विजेता – अर्पित राय, उपविजेता – अरिहंत जैन और श्रृष्टि अग्रवाल

स्टैंड–अप कॉमेडी प्रतियोगिता: विजेता– श्रृष्टि अग्रवाल

कार्यक्रम में विजेताओं एवं उपविजेताओं को झांसी शाखा के वाइस चेयरमैन सीए गौरव अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन अभि गुप्ता एवं नव्या अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर झांसी शाखा के सचिव सीए निमेष खन्ना, कोषाध्यक्ष सीए प्रदीप विश्वारी, तत्कालीन पूर्व चेयरमैन सीए उज्जवल मोदी, तथा सिकासा समिति के सदस्य पलक अग्रवाल, योगेश, आर्यन एवं तनीष्का साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की थीम 'जहां प्रतिभा अभिव्यक्ति में बदलती है' रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करने का प्रभावशाली अवसर मिला। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718